प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.02.2025 **1500 बजे**

राजीव बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त जारी कर उन्हें मजबूत बनाने का बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के 8 लाख 30 हजार 4 सौ 95 किसान भी लाभान्वित हुए हैं। बिंदल ने बताया कि 6 वर्षों से निरंतर किसानों के खाते में हर वर्ष 6 हजार रूपए डालने का ये निर्णय किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने का काम कर रहा है।

किराया वृद्धि

राज्य पथ परिवहन निगम ने शिमला और इसके आस पास के क्षेत्रों में चलने वाली निगम की टैक्सियों के किराये में 10 रुपये बढ़ौतरी की है। चार किलोमीटर तक यात्रियों को अब 20 रुपये की बजाए 30 रुपये किराया देना होगा। इसके अलावा 4 से 6 किलोमीटर तक 40 रुपये, 6 से 8 किलोमीटर तक 50 रुपये, 8 से 10 किलोमीटर तक 60 रुपये और 10 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए यात्रियों को 70 रुपये किराया देना होगा। वरिष्ठ नागरिकों के किराये में कोई बढ़ौतरी नहीं की गई है और ये पहले की दर पर ही वसूला जाएगा। इसके अलावा संजौली और आई.जी.एम.सी. के बीच चलने वाले टैक्सियों पर बढ़ी हुई दरें लागू नहीं होंगी।

हड़ताल

संयुक्त पटवारी व कानूनगो महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर आज से सामूहिक अवकाश का ऐलान किया है। प्रदेशभर में राजस्व विभाग के ये कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर आज अवकाश पर है। पटवारियों को राज्य केडर में शामिल करने के विरोध में महासंघ ने सामूहिक हड़ताल का निर्णय लिया है। ऊना में कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने एक बैठक कर आगामी रणनीति पर विचार विर्मश किया। बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों को ज़िला राज्य केडर में शामिल करने के विरोध में सभी पटवारी व कानूनगो

आज से 27 फरवरी तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान अपना फैसला वापिस नहीं लिया तो 28 फरवरी से पैनडाउन हड़ताल की जाएगी।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पर्व कल देश सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडी में एक सप्ताह तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि का विधिवत शुभारंभ कल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। इस अवसर पर आज बड़ा देव कमरूनाग के मंडी आगमन पर महा शिवरात्रि की पारंपरिक शुरूआत हो जाएगी।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सफलता के लिए ज्ञान ही नहीं कौशल भी जरूरी है। कांगड़ा जिले के आरनी विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से विकसित भारत 2047 और आत्मनिर्भर हिमाचल 2027 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अपना बहुमूल्य योगदान देने की अपील की। इस दौरान राजेश धर्माणी ने मेधावी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। उन्होंने छात्रों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश भी दिए।

जेपीसी–एकराष्ट्र एक चुनाव

संसद की संयुक्त समिति की एक राष्ट्र एक चुनाव पर बैठक संसद भवन में जारी है। बैठक में आज समिति कानूनी विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रही है। 39 सदस्यों वाली समिति में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सदस्य हैं।